CMYK

Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com


सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में बुधवार
सायं 6:59 बजे


सूर्योदय
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सुबह 5:36 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 60 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | बुधवार, 20 अगस्त 2025


मिस यूनिवर्स इंडिया 2025 विजेता... पेज-3 पर

## धोखा देकर, शादीशुदा होकर लिव-इन रिलेशन में रहने वालों को मिलेगी कड़ी सजा

**देहरादून**
**हमारे संवाददाता**

यूसीसी में दो नई धाराएं स्थापित की गई हैं। धारा 380(2) के तहत अगर पहले से शादीशुदा कोई व्यक्ति धोखे से लिव-इन रिलेशनशिप में रहता है तो उसे भी सात साल की सजा और जुर्माना भुगतना होगा। लेकिन यह प्रावधान उन पर लागू नहीं होगा, जिन्होंने लिव-इन रिलेशन को समाप्त कर दिया हो या जिसके साथी का सात वर्ष या इससे अधिक अवधि से कुछ पता न हो। उत्तराखंड में लागू समान नागरिक संहिता में कुछ बदलाव होंगे। इसके तहत अब सालभर तक विवाह पंजीकरण करा सकेंगे। कुछ धाराओं में दंड के प्रावधान भी सख्त किए गए हैं। मंगलवार को सरकार ने समान नागरिक संहिता उत्तराखंड संशोधन अधिनियम 2025 को सदन पटल पर रख दिया है, जो बुधवार को पारित हो जाएगा। 26 मार्च 2020 से अधिनियम लागू होने तक हुए विवाह पंजीकरण की समय सीमा को छह से बढ़ाकर एक साल कर दिया गया है। यह समय सीमा समाप्त होने के बाद इसमें दंड या जुर्माने का भी प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही सब-रजिस्ट्रार के समक्ष अपील, शुल्क आदि का भी निर्धारण किया गया है। समान नागरिक संहिता समिति की ओर से गई संस्तुतियों के आधार पर एक्ट में प्रावधानों के चलते हो रही व्यावहारिक दिक्कतों को भी दूर किया गया है। इसके साथ ही लिपिकीय त्रुटियों जैसे दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) के स्थान पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) किया गया है। कई स्थानों पर पैनल्टी को शुल्क लिखा गया है जिन्हें अब पैनल्टी लिखा जाएगा। समान नागरिक संहिता की धारा 387 में की उपधाराओं में संशोधन करते हुए नए प्रावधान जोड़े गए हैं। इसके तहत अगर कोई व्यक्ति बल, दबाव या धोखाधड़ी से किसी व्यक्ति की सहमति प्राप्त कर सहवास संबंध स्थापित करता है तो उसे सात साल तक के कारावास और जुर्माने से दंडित किया जाएगा। समान नागरिक संहिता की धारा 380(2) के तहत अगर पहले से शादीशुदा कोई व्यक्ति धोखे से लिव-इन रिलेशनशिप में रहता है तो उसे भी सात साल की सजा और जुर्माना भुगतना होगा। लेकिन यह प्रावधान उन पर लागू नहीं होगा, जिन्होंने लिव-इन रिलेशन को समाप्त कर दिया हो या जिसके साथी का सात वर्ष या इससे अधिक अवधि से कुछ पता न हो। पूर्ववर्ती विवाह को समाप्त किए बिना और सभी कानूनी कार्रवाई को पूरी किए बिना लिव-इन रिलेशनशिप में रहने वालों को भारतीय न्याय संहिता की धारा 82 के तहत दंडित किया जाएगा।



## News कॉर्नर

### हादसा: महिला सहित चार मजदूरों की मौत, 33 घायल

**हरियाणा।** बहादुरगढ़ में एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। केएमपी एक्सप्रेसवे पर बादली के पास एक तेज रफ्तार कंटेनर ने पिकअप गाड़ी को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें चार मजदूरों की मौत हो गई और 33 अन्य घायल हो गए। बहादुरगढ़ में कुंडली-मानेसर-पलवल एक्सप्रेसवे पर मंगलवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें चार मजदूरों की मौत हो गई और 33 अन्य घायल हो गए। मृतकों में एक महिला और तीन पुरुष शामिल हैं, जबकि घायलों में महिलाएं और छोटे बच्चे भी हैं। जानकारी के अनुसार, उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी के अमन नगर से आए प्रवासी मजदूर फसल कटाई के लिए हरियाणा के महेंद्रगढ़ जिले के घोड़ाकैमला गांव जा रहे थे। ये मजदूर एक पिकअप गाड़ी में सवार थे, जिसमें करीब 37 लोग बैठे थे। रात करीब 1:30 बजे केएमपी एक्सप्रेसवे पर बादली के पास एक तेज रफ्तार कंटेनर ने पिकअप गाड़ी को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि पिकअप गाड़ी पलट गई।

### 30 फीट गहरी खाई में पलटी स्लीपर कोच बस; 15 घायल

**आगरा।** उत्तर प्रदेश के आगरा जिले में सड़क हादसा हुआ है। आगरा के फतेहाबाद में कानपुर से सवारी लेकर दिल्ली जा रही स्लीपर कोच बस आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर अनियंत्रित होकर 30 फीट गहरी खाई में जाकर पलट गई। हादसे में करीब 15 यात्री घायल हो गए, मौके पर पहुंची यूपीडा की टीम और फतेहाबाद पुलिस ने रेस्क्यू कर आधा घंटे बाद घायलों को बाहर निकाल कर इलाज के लिए अस्पताल भेजा। पुलिस के मुताबिक, घटना बुधवार तडके 3:30 बजे की है। कानपुर से 50 सवारी लेकर बस चालक दिल्ली जा रहा था। सुबह का समय होने के कारण सभी यात्री सो रहे थे। जैसे ही बस थाना फतेहाबाद इलाके के अंतर्गत आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे के किलोमीटर 26.400 पर पहुंची तो तेज रफ्तार बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर को तोड़ते हुए एक्सप्रेसवे से नीचे 30 फीट गहरी में पलट गई।

हार्बर लाइन पर लोकल ट्रेन सेवाएं 15 घंटे बाद बहाल

## आफत: मुंबई में बारिश से 24 घंटे में छह लोगों की मौत

**नई दिल्ली/मुंबई**
**एजेंसी**

मुंबई में लगातार बारिश से हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं। मुंबई की लाइफलाइन कही जाने वाली लोकल ट्रेन सेवा कई जगहों पर रद्द है तो हार्बर लाइन पर 15 घंटे बाद लोकल ट्रेन सेवा बहाल हुई है। वहीं राज्य में बारिश से जुड़ी घटनाओं में पिछले 24 घंटे में छह लोगों की मौत हो गई है।

महाराष्ट्र आपदा प्रबंधन विभाग की तरफ से जारी आंकड़ों के अनुसार, राज्य में पिछले 24 घंटों में बारिश और बाढ़ से जुड़ी घटनाओं में छह लोगों की मौत हो गई है। नांदेड़ जिले में बाढ़ जैसी स्थिति के कारण पांच लोग लापता बताए जा रहे हैं। वहीं एनडीआरएफ की कुल 18 टीमें राज्य के कई हिस्सों में तैनात हैं, साथ ही एसडीआरएफ की छह टीमें भी तैनात हैं। मुंबई में हुई भारी बारिश से रेल पटरियों पर पानी भर जाने के कारण मंगलवार सुबह रुकी हार्बर लाइन की लोकल ट्रेन सेवाएं करीब 15 घंटे बाद बुधवार तड़के 3 बजे दोबारा शुरू हो गईं।



अधिकारियों ने बताया कि पानी उतरने के बाद सेवाएं बहाल की गईं। सेंट्रल रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी स्वानिल निला ने बताया कि मंगलवार सुबह 11¬15 बजे ट्रैक डूबने के कारण पहले हार्बर लाइन और फिर मेन लाइन की सेवाएं बंद करनी पड़ीं। मंगलवार शाम 7¬30 बजे छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से ठाणे के बीच मेन लाइन की सेवाएं शुरू कर दी गई थीं, लेकिन हार्बर लाइन, जो नवी मुंबई को दक्षिण मुंबई से जोड़ती है, रातभर बंद रही। कई हिस्सों में पटरियां 15 इंच तक पानी में डूबी रहीं। बुधवार सुबह सभी सार्वजनिक परिवहन सेवाएं- बसें, लोकल ट्रेनें और मेट्रो- सामान्य रूप से चलने लगीं। रेलवे ने यात्रियों से अपील की है कि भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने मुंबई में भारी बारिश का अलर्ट दिया है, इसलिए केवल जरूरी होने पर ही यात्रा करें और सावधानी बरतें। वेस्टर्न रेलवे ने बताया कि मंगलवार की बारिश और जलभराव की वजह से उनकी कुछ लोकल ट्रेनें बुधवार को भी रद्द रहेंगी। डीआरएम - मुंबई सेंट्रल, पश्चिम रेलवे ने बताया कि मुंबई में भारी जलभराव के कारण आज कई लोकल ट्रेन सेवाएं रद्द कर दी गई हैं।

## मॉर्निंग वॉक पर निकले सीएम, सत्र के लिए तैनात सुरक्षाकर्मियों से मिले

**देहरादून**
**हमारे संवाददाता**

उत्तराखंड का मानसून सत्र भराड़ीसैंण में चल रहा है। सीएम धामी सत्र के लिए यहीं मौजूद हैं। आज बुधवार सुबह मॉर्निंग वॉक के दौरान वह सुरक्षाकर्मियों से मिले।

चार दिवसीय विधानसभा सत्र के लिए सीएम धामी भराड़ीसैंण (गैरसैंण) में हैं। मॉर्निंग वॉक के दौरान वह विधानसभा सत्र के दृष्टिगत तैनात सुरक्षाकर्मियों से मिले। उनके आवास, भोजन और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की जानकारी ली। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि कठिन भौगोलिक एवं प्रतिकूल परिस्थितियों में कर्तव्य निर्वहन कर रहे पुलिस बल का अदम्य साहस एवं प्रतिबद्धता हम सभी के लिए प्रेरणादायक है। धराली जैसे आपदा-प्रभावित एवं दुर्गम क्षेत्रों में भी हमारे पुलिसकर्मियों द्वारा प्रदर्शित अनुकरणीय कार्यक्षमता और सेवाभावना सराहनीय रही है, जिसने संपूर्ण बल की कार्यदक्षता को नई पहचान दी है। इससे पहले मंगलवार को भी भराड़ीसैंण में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत आजीविका मिशन समूह की महिलाओं से मुलाकात की। साथ ही सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं का जनता को लाभ एवं क्रियान्वयन को लेकर फीडबैक लिया। विधानसभा सत्र के दौरान यहां धारा 163 को लागू कर दिया गया है। जो सत्र समाप्ति की तिथि 22 अगस्त शाम पांच बजे तक प्रभावी रहेगी।



## नैनीताल में पहाड़ी से युवक के सर में गिरा बोल्डर, हुई मौत

**नैनीताल**
**हमारे संवाददाता**

बुधवार को नैनीताल बीडी पाण्डे जिला अस्पताल से स्कूटी से वापस भवाली की तरफ जा रहे युवक की पहाड़ी से बोल्डर सर में गिरने से मौत हो गई। युवक को आनन फानन में बीडी पाण्डे जिला अस्पताल ले जाया गया।

जहां युवक ने दम तोड़ दिया। जानकारी के मुताबिक मृतक रमेश चन्द्र पुत्र गिरीश चन्द्र निवासी ढुगाडी श्यामखेत भवाली अपनी साली को दिखाने अस्पताल आया था, जो साली को डॉक्टर को दिखाकर वापिस अपने घर की तरफ जा रहा था, तभी भवाली रोड, टूटा पहाड़ में अचानक बोल्डर युवक के सर पर गिर गया, जिससे दोनों स्कूटी सवार सड़क में गिर गए। घायल अवस्था मे दोनों को बीड़ी पाण्डे अस्पताल पहुँचाया गया। जहां डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार मृतक रमेश के 2 छोटे बच्चे है। वहीं घटना के बाद परिजन भी अस्पताल पहुंच चुके हैं, जहाँ उनका रो रोकर बुरा हाल है।



## मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर हमला, जनसुनवाई के दौरान मारा थप्पड़

**नई दिल्ली**
**एजेंसी**

दिल्ली के सिविल लाइंस स्थित मुख्यमंत्री आवास पर जनसुनवाई के दौरान सीएम रेखा गुप्ता पर हमला हुआ है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने साप्ताहिक जनसुनवाई के दौरान मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर हुए हमले की कड़ी निंदा की है।

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर हमले की खबर है। दिल्ली सीएम हाउस में यह घटना घटी है। सीएम हाउस में मुख्यमंत्री रेखा जनसुनवाई कर रहीं थीं। इसी दौरान 35 साल के एक शख्स ने हमला किया। पुलिस ने आरोपी हमलावर को गिरफ्तार कर लिया है। भाजपा ने बताया कि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर सुबह सिविल लाइंस स्थित उनके सरकारी आवास पर आयोजित जन सुनवाई कार्यक्रम के दौरान कथित तौर पर हमला हुआ। इस पूरी घटना की भारतीय जनता पार्टी ने निंदा की है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने साप्ताहिक जनसुनवाई के दौरान मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर हुए हमले की कड़ी निंदा की। पार्टी सूत्रों ने बताया कि सीएम गुप्ता पर लगभग 35 वर्षीय एक व्यक्ति ने हमला किया है।



जानकारी मिली है कि जन सुनवाई के दौरान हमलावर ने पहले मुख्यमंत्री गुप्ता को कुछ कागज दिए और फिर कथित तौर पर उन पर हमला कर दिया। दिल्ली पुलिस ने सीएम आवास पर जनसुनवाई के दौरान दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता पर हमले के सिलसिले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है, हमलावर को सिविल लाइंस पुलिस स्टेशन ले जाया गया है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर मुख्यमंत्री आवास पर जनसुनवाई के दौरान हुए हमले पर दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। मुख्यमंत्री पूरी दिल्ली का नेतृत्व करती हैं और मुझे लगता है कि ऐसी घटनाओं की जितनी निंदा की जाए, उतनी कम है। लेकिन यह घटना महिला सुरक्षा की पोल भी खोलती है। अगर दिल्ली की मुख्यमंत्री ही सुरक्षित नहीं हैं, तो आम आदमी या आम महिला कैसे सुरक्षित रह सकती है? जनसुनवाई के दौरान दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता पर हमले की चश्मदीद सामने आई है। घटना के दौरान मौके पर मौजूद चश्मदीद अंजलि ने कहा कि यह गलत है। जनसुनवाई का अधिकार सभी को है।

# अभिमत



## सार्थक विरोध जरूरी

*सरकार जब चाहती है, मनमाने तरीके से उपभोक्ताओं पर बोझ डालती है। बिजली महंगी होने की मार प्रदेश के सभी वर्गों पर पड़ती है। विद्युत दर बढ़ाने पर राजनीतिक दलों और अन्य संगठनों से जुड़े लोगों ने विरोध किया। विद्युत नियामक आयोग ने जनसुनवाई में आपत्ति दर्ज कराने का मौका दिया, लेकिन केवल एक उपभोक्ता ने अर्जी दी, सिर्फ हल्ला करने से कुछ नहीं होता है, सार्थक विरोध की जरूरत है। औद्योगिक संगठनों ने जरूर कड़ा विरोध किया।*

उत्तराखंड में विद्युत दर बढ़ाने का कोई नियम नहीं है। सरकार जब चाहती है, मनमाने तरीके से उपभोक्ताओं पर बोझ डालती है। बिजली महंगी होने की मार प्रदेश के सभी वर्गों पर पड़ती है। विद्युत दर बढ़ाने पर राजनीतिक दलों और अन्य संगठनों से जुड़े लोगों ने विरोध किया। विद्युत नियामक आयोग ने जनसुनवाई में आपत्ति दर्ज कराने का मौका दिया, लेकिन केवल एक उपभोक्ता ने अर्जी दी, सिर्फ हल्ला करने से कुछ नहीं होता है, सार्थक विरोध की जरूरत है। औद्योगिक संगठनों ने जरूर कड़ा विरोध किया। सामाजिक कार्यकर्ता वीरू बिष्ट ने कहा कि बिजली महंगी करने का वह हमेशा विरोध करते रहे हैं, परन्तु आयोग और निगम गंभीर नहीं है। ऊर्जा निगमों के एमडी जनसुनवाई में नहीं पहुंचते हैं। निगमों की तरफ से बड़े वकीलों की फौज खड़ी कर दी जाती है। स्टील इंडस्ट्रीज की ओर से प्रवक्ता ने नियामक आयोग से कहा कि यूपीसीएल सरकार को समय पर वाटर टैक्स, सेस, इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी का भुगतान नहीं करता है। लेट पेमेंट का सरचार्ज देना पड़ता है और उसका भार उपभोक्ताओं पर डाला जाता है। जनता से एक हजार करोड़ रुपये की टैक्स वसूली की जाती है। ऊर्जा निगम का स्पेशल ऑडिट कराया जाना चाहिए। ऊर्जा निगम ने उद्योगों के लिए बिजली की दरों में 5.82 प्रतिशत की अतिरिक्त बढ़ोतरी और टैरिफ बढ़ाने का प्रस्ताव रखा है। उद्योग संगठनों के प्रतिनिधियों ने नियामक आयोग के समक्ष उपस्थित होकर कड़ा विरोध किया। निगम पॉवर डेवलपमेंट फंड का लाभ दिया गया है, इसलिए पॉवर प्लांट में लोकल एरिया डेवलपमेंट फंड की वसूली उपभोक्ता से नहीं होनी चाहिए। लाइन लॉस का भार भी जनता पर नहीं डाला जाना चाहिए। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि पृथक उत्तराखंड राज्य का गठन होने पर ऊर्जा प्रदेश बनाने का दावा किया गया था और उसका लाभ प्रदेशवादियों को देने का सपना दिखाया गया था। राज्य गठन को 25 साल होने वाले हैं और ऊर्जा प्रदेश के लोग भारी विद्युत संकट का सामना कर रहे हैं। हर साल विद्युत संकट गहराता जा रहा है। जलविद्युत परियोजनाओं से निर्धारित मात्रा में नियमित उत्पादन संभव नहीं है। गैस आधारित पॉवर प्लांट से निगम बिजली नहीं खरीद रहा है। अब परमाणु विद्युत संयंत्र के लिए भूमि चयन की कवायद हो रही है। परमाणु बिजलीघर कब तक स्थापित होगा और उत्पादन शुरू होगा, इसके बारे में निश्चित जानकारी नहीं दी जा रही है।

# विश्व फोटोग्राफी दिवस पर फोटो प्रदर्शनी का आयोजन

नैनीताल
हमारे संवाददाता



विश्व फोटोग्राफी दिवस के विशेष मौके पर मंगलवार को नैनीताल में फोटो प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। आयोजन लोरिस्ट लीग एवं सी0आर0एस0टी0 इण्टर कालेज नैनीताल की तरफ से किया गया, इसमें नैनीताल के तीन दिवंगत छायाकारों (ए0.एन.0सिंह, बलवीर सिंह व अल्पायु में दिवंगत हुए अमित साह) को याद किया गया।

बता दें कि दिवंगत छायाकार ए.0एन.0सिंह उन छायाकारों में रहे जिन्होंने नैनीताल में सर्वप्रथम आयोजित फ ोटो सैलून्स के आयोजनों में सक्रिय भूमिका निभाई अपनी बेहतरीन फोटोग्राफ ी से अपनी विशिष्ट पहचान बनायी। स्व0 बलवीर एक अच्छे खिलाड़ी थे लेकिन एक बिमारी के कारण वे चलने फि रने में अक्षम हो गये वे सिर्फ एक आटो से ही इधर उधर जाते थे। जब उन्होंने फोटोग्राफी को अपनाया तो सभी को लगा ये कैसे संभव होगा लेकिन उन्होंने इस असंभव को समभव बनाया और एक जाने माने दिव्यांग फोटोग्राफ र के रूप में प्रसिद्ध हुए जबकि युवा स्व0 अमित साह बहुत जल्द अपनी उत्कृष्ट फोटोग्राफ ी से राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने में कामयाब हुए लेकिन अल्पायु में ही उनका निधन हो गया। मंगलवार को इन तीन छायाकारों के अलावा नैनीताल में फोटो सैलून की शुरुआत करने वाले कर्नल सूदन को भी याद किया गया।

कार्यक्रम के मुखय अतिथि अक्षोभ सिंह रहे जिन्होंने नैनीताल की फोटोग्राफ ी के अतीत को याद किया। आयोजन के शुरुआत में देश के जाने वाले छायाकार व पद्मश्री अनूप साह ने फोटोग्राफ ी के महत्व और बारीकियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम संचालन छायाकार प्रदीप पाण्डेय ने किया।

अंत में कार्यकारी आयोजक छायाकार हिमांशु जोशी ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में नैनीताल के छायाकारों के अलावा अल्मोड़ा के छायाकार चेतन कपूर तथा जय मित्र सिंह बिष्ट तथा देवेश बिष्ट के फोटोग्राफो की प्रदर्शनी लगायी गयी। कार्यक्रम सी0आर0एस0टी0 इण्टर कालेज नैनीताल के सभागार में हुआ, जिसमें विनय साह, आलोक साह, विनोद पाण्डे, जहूर आलम, हरीश राणा, के0एस0 सजवाण, डा0 रचना बिष्ट, सुमित साह, अदिति खुराना, रत्ना साह तथा विनिता यशस्वी समेत कई छायाकार मौजूद रहे। आयोजकों के मुताबिक फोटो प्रदर्शनी सी0आर0एस0टी0 इण्टर कालेज नैनीताल में बुधवार (आज)शाम को 6 बजे तक लगी रहेगी।

## परिवहन विभाग की प्रवर्तन कार्रवाई में 87 वाहनों के चालान 04 वाहन सीज

**हल्द्वानी।** सहायक परिवहन अधिकारी जितेंद्र सांगवान, परिवहन कर अधिकारी अपराजिता पांडे, परिवहन निरीक्षक आरसी पवार , गिरीश कांडपाल के द्वारा हल्द्वानी- लालकुआं एवं हल्द्वानी- रुद्रपुर मार्ग पर चेकिंग अभियान चलाया , जिसमें 87 वाहनों के चालान और ट्रैक्टर, पिकअप और ऑटो सहित चार वाहनों को सीज किया। प्रवर्तन कार्रवाई में चंदन ढैला, चंदन सुयाल, अनिल कार्की ,श्प्रकाश आदि उपस्थित रहे।

## 410 वें दिन भी जारी रहा पौधरोपण आंदोलन

**नैनीताल ।** संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय अध्यक्ष राज्य आंदोलनकारी दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में पौधरोपण अभियान के 410 वें दिन गुरना देवी मंदिर परिसर स्थित गुरना वाटिका में विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया गया।

# पद्मश्री डॉ. बी. के. एस संजय को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान गुवाहाटी का अध्यक्ष नामित किया

देहरादून/नैनीताल
हमारे संवाददाता

भारत सरकार ने पद्मश्री से सम्मानित प्रसिद्ध अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. बी. के. एस संजय को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) गुवाहाटी का अध्यक्ष नामित किया है।

एम्स संस्थान भारत में उत्कृष्ट चिकित्सा शिक्षा, अनुसंधान और रोगी देखभाल के लिए सर्वोच्च संस्थान माने जाते हैं। भोजन, शिक्षा और स्वास्थ्य प्रत्येक व्यक्ति की मूलभूत आवश्यकताएँ हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने भारत की तृतीयक स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को सुदृढ़ करने और इन सेवाओं को बड़े शहरों से बाहर देश के कोने.कोने तक पहुँचाने का ऐतिहासिक निर्णय लिया। वर्तमान में देशभर में एम्स कार्यरत हैं जिनमें एम्स गुवाहाटी भी सम्मिलित है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि ये नए एम्स संस्थान श्विकसित भारत मिशन के आधार स्तंभ सिद्ध होंगे। एम्स गुवाहाटी की आधारशिला प्रधानमंत्री मोदी द्वारा 26 मई 2017 को रखी गई थी। इस संस्थान की स्थापना पूर्वोत्तर भारत में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ, चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान की उपलब्धता में क्षेत्रीय असंतुलन को दूर करने हेतु की गई थी। पूर्वोत्तर क्षेत्र का सर्वांगीण विकास वर्तमान केंद्र सरकार की प्राथमिकताओं में से एक है।भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने डा. भूपेंद्र कुमार सिंह संजय को पूर्वोत्तर राज्यों में उत्कृष्ट रोगी देखभाल, चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान को सशक्त बनाने हेतु अध्यक्ष पद पर नामित किया है। प्रो. संजय एक अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त अस्थि रोग विशेषज्ञ तथा कलीनिकल शोधकर्ता, शिक्षाविद् लेखक तथा वक्ता व कवि और समाजसेवी हैं। उनकी असाधारण उपलब्धियों के लिए, उनका नाम इंडिया इंटरनेशनल लिम्का और गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज किया जा चुका है। उनके शोध कार्य जर्नल ऑफ बोन एंड जॉइंट सर्जरीए इंटरनेशनल ऑर्थोपेडिक्स जर्नल ऑफ हैंड सर्जरी सहित कई शीर्ष अंतराष्ट्रीय शोध पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए हैं। डॉ. संजय ने अपनी बुनियादी ऑर्थोपेडिक शिक्षा कानपुरए पीजीआई चंडीगढ़ और सेंट्रल इंस्टिट्यूट ऑफ ऑर्थोपेडिक्स नई दिल्ली से प्राप्त की। उन्होंने स्वीडन, स्विट्जरलैंड, जापान व अमेरिका और रूस से ऑर्थोपेडिक्स की विभिन्न उप.विशेषज्ञताओं में उन्नत प्रशिक्षण और फैलोशिप भी प्राप्त की हैं। अपने 45 वर्षों के दीर्घ चिकित्सा करियर में उन्होंने भारत और विदेशों में विभिन्न पदों पर कार्य किया है। वे 500से अधिक देशों की यात्रा कर चुके हैं तथा जापान, ऑस्ट्रेलिया, सिंगापुर, मलेशिया और अमेरिका सहित कई देशों के विश्वविद्यालयों में अपने ज्ञान एवं अनुभव को साझा कर चुके हैं। डॉ. संजय को उनकी विशिष्ट चिकित्सा एवं सामाजिक सेवाओं के लिए अनेक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय व्यावसायिक, सामाजिक व सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक संगठनों द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। भारत सरकार ने वर्ष 2021 में उन्हें पद्मश्री सम्मान से अलंकृत किया।

# फिल्मी दुनिया

## मिस यूनिवर्स इंडिया 2025 विजेता मनिका ने सुष्मिता सेन को बताया अपना आदर्श



*मनिका विश्वकर्मा ने मिस यूनिवर्स इंडिया 2025 का खिताब अपने नाम किया। मनिका ने बताया कि वो बॉलीवुड अभिनेत्री सुष्मिता सेन को अपना आदर्श मानती हैं। राजस्थान की मनिका विश्वकर्मा को मिस यूनिवर्स इंडिया 2025 का ताज पहनाया गया। इस जीत के बाद मनिका ने अपने जीवन के उन लोगों के बारे में जिक्र किया, जिन्हें वो अपना मेंटर और आदर्श मानती हैं। इस कड़ी में मनिका विश्वकर्मा ने बताया कि वो पूर्व मिस यूनिवर्स और अभिनेत्री सुष्मिता सेन और अपनी मां को अपने जीवन का आदर्श मानती हैं। आइए जानते हैं क्या बोलीं मनिका। मिस यूनिवर्स का खिताब जीतने के बाद मनिका विश्वकर्मा ने एएनआई से बात करते हुए कहा, 'मेरे जीवन में दो आदर्श हैं। पहली सुष्मिता सेन और दूसरी मेरी मां। मुझे लगता है कि इन दोनों महिलाओं की वजह से ही मैं यहां हूं। मैं सुष्मिता सेन को हमेशा से एक ऐसी महिला के रूप में जानती हूं, जो न सिर्फ कुछ कहती हैं, बल्कि उसे करती भी हैं। मिस यूनिवर्स बनने से लेकर अपनी जिंदगी के सफर तक, उन्होंने जो भी कहा, उसका हर एक शब्द उनके लिए मायने रखता था और उन्होंने अब तक उसे साबित भी किया है। अपनी मां के बारे में बात करते हुए मनिका ने कहा, मेरी मां ने मुझे यह गुण सिखाया है कि आप सिर्फ बोलते नहीं, बल्कि उस पर अमल भी करते हैं। आप उसे कहते भी हैं और उसका मूर्त रूप बन जाते हैं ताकि लोग जानें कि एक व्यक्ति सिर्फ कहने से नहीं, बल्कि इंसान के तौर पर हम कितने मजबूत हैं, इससे भी पहचाना जाता है।*

### भविष्य को लेकर भी मनिका ने दी प्रतिक्रिया

*आगे अपने भविष्य को लेकर बात करते हुए उन्होंने कहा, 'मैं इसके साथ आने वाली सभी संभावनाओं को तलाशना चाहती हूं और सिर्फ एक ही दिशा में नहीं जाना चाहती। साथ लोगों को यह दिखाना चाहती हूं कि सौंदर्य प्रतियोगिताएं आपके जीवन में और भी बहुत कुछ ला सकती हैं।*

# यूसीसी के अंतर्गत विवाह पंजीकरण को सूची जारी की

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

नगर निगम काठगोदाम द्वारा समान नागरिक संहिता कानून यूसीसी के अंतर्गत विवाह पंजीकरण का विशेष शिविर नगर निगम के अंतर्गत आने वाले समस्त सरकारी कार्यालयों में प्रारंभ किया गया एवं विभागों की सूची जारी कर दी गई है।

जिसके द्वितीय दिवस में विशेष रूप से उप जिलाधिकारी कार्यालय में विभाग के समस्त स्टाफ द्वारा विवाह पंजीकरण कराए गए नगर निगम कार्यालय में भी सभी कार्मिकों का विवाह पंजीकरण किया जा रहा है तथा प्रतिदिन आम नागरिकों हेतु शिविर की व्यवस्था नगर निगम में की गई है नगर आयुक्त ऋचा सिंह जी द्वारा नगर निगम के कार्मिको का भी रजिस्ट्रेशन यू सी सी के अंतर्गत किया जा चुका है तथा नगर निगम में अब तक लगभग 8806 पंजीकरण कराए जा चुके हैं इसके अतिरिक्त नगर निगम के समस्त 60 वार्डों में शिविरों के माध्यम से भी रजिस्ट्रेशन कराए जा रहे हैं। विशेष अपील: माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा यू सी सी विवाह पंजीकरण की (फीस माफ कर) नि:शुल्क कर दिया गया है अत: आप सभी आम जनमानस से अपील है कि अधिक से अधिक संख्या में विवाह पंजीकरण करा कर नि:शुल्क शिविर का लाभ उठाएं।



News कॉर्नर

## छात्रसंघ चुनाव की तिथि घोषित करने की मांग

**नैनीताल ।** कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के छात्र नेताओं ने जल्द छात्रसंघ चुनाव की तिथि घोषित करने की मांग की है। चेतावनी दी है कि यदि बुधवार (आज) को तिथि घोषित नहीं होती है तो वह विवि परिसर में प्रदर्शन करेंगे।

छात्रनेता अभिषेक कुमार ने बताया पूर्व में कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत से मुलाकात कर 20 अगस्त तक तिथि घोषित करने की मांग की थी। चेतावनी दी है कि यदि 20 अगस्त को तिथि घोषित नहीं हुई तो डीएसबी परिसर के साथ ही रामनगर, हल्द्वानी तथा रुद्रपुर आदि महाविद्यालयों के छात्र नेता विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में प्रदर्शन करेंगे। इस मौके पर छात्रनेता अशीष कबड्वाल, करन सती, तनिष्क मेहरा तथा देव चौहान आदि मौजूद रहे।

## एनसीसी नेवी विंग द्वारा भर्ती कार्यक्रम आयोजित

**नैनीताल ।** कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के डीएसबी परिसर नैनीताल स्थित एनसीसी नेवी विंग द्वारा भर्ती कार्यक्रम बुधवार (आज) आयोजित किया जाएगा। यह भर्ती प्रक्रिया प्रात: 10.30 बजे से प्रारंभ होगी।भर्ती में शामिल होने के इच्छुक डीएसबी परिसर के सभी छात्र छात्राएँ निर्धारित समय पर उपस्थित होकर एनसीसी भर्ती प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं। विश्वविद्यालय के एनसीसी अधिकारी सब.लेफिटनेंट डॉ. रीतेश साह के मुताबिक इच्छुक विद्यार्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे समय पर पहुंचकर आवश्यक औपचारिकताओं को पूर्ण करें और अनुशासन का पालन करते हुए भर्ती प्रक्रिया में हिस्सा लें सकते है।

# नैनीताल में कांग्रेस के खिलाफ भाजपा का विरोध प्रदर्शन, पुतला दहन किया

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नैनीताल में आज भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया और पुतला दहन किया। यह विरोध कार्यक्रम कांग्रेस विधायकों के विधानसभा में किए गए अमर्यादित आचरण के विरोध में आयोजित किया गया। भाजपा नेताओं का कहना है कि कांग्रेस मुद्दों से भटक चुकी है और केवल झूठ की राजनीति कर रही है।

भाजपा मंडल अध्यक्ष नितिन कार्की ने कहा कि कांग्रेस द्वारा फैलाए जा रहे षड्यंत्र और अराजकता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने साफ कहा कि जल्द ही इसका पर्दाफाश कर जनता के सामने सच्चाई रखी जाएगी। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के खिलाफ नारेबाजी भी की और आरोप लगाया कि विपक्ष जनता को गुमराह करने का काम कर रहा है।



पुतला दहन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और स्थानीय नेता मौजूद रहे। इनमें मोहित लाल साह, निखिल बिष्ट, विक्रम राठौर, हरीश सिंह राणा, आशीष बजाज, विकास जोशी, प्रदीप कुमार आर्य, भारत सिंह मेहरा, आयुष भंडारी, दया किशन पोखरिया, बिमला अधिकारी, कविता गंगोला, कलावती असवाल, मीरा बिष्ट, प्रेमा अधिकारी, दीपिका बिनवाल, नीतू जोशी, भावना मेहरा, भोला दत्त तिवारी, आनंद बिष्ट, भूपेंद्र सिंह बिष्ट, संतोष साह, कृष्ण कुमार शर्मा, शिवांशु जोशी, राहुल नेगी, युवराज करायत, प्रियांश आर्या और पार्थ साह समेत कई कार्यकर्ता शामिल हुए।

**विरोध**

● बोले, कांग्रेस द्वारा फैलाए जा रहे षड्यंत्र और अराजकता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा

# विधानसभा सत्र के दौरान विधायक सरिता आर्या ने सीएम धामी से की मुलाकात

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

गैरसैण में चल रहे विधानसभा सत्र के दौरान विधायक सरिता आर्या ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात की। विधायक सरिता आर्या ने मुख्यमंत्री को नैनीताल विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति से अवगत कराया।

उन्होंने 28 अगस्त से 5 सितंबर तक आयोजित होने वाले विश्वविख्यात नंदा देवी महोत्सव में मुख्यमंत्री को आमंत्रित किया। इस अवसर पर विधायक ने रामसेवक सभा की ओर से मां नंदाङ्कसुनंदा की तस्वीर और चुनरी मुख्यमंत्री को भेंट की। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नंदा देवी महोत्सव के पोस्टर और कार्यक्रम का अवलोकन करते हुए कहा कि इस पारंपरिक मेले को भव्य स्वरूप में आयोजित करना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने रामसेवक सभा और क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि वे स्वयं महोत्सव में शामिल होने का पूरा प्रयास करेंगे। बता दें कि विधायक सरिता आर्या के प्रयासों से ही माँ नंदा देवी महोत्सव को राजकीय मेले का दर्जा प्राप्त हुआ है।



# बस दुर्घटनाग्रस्तः कांग्रेस नेता प्रदीप नेगी सड़क हादसे में घायल

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

कांग्रेस नेता प्रदीप नेगी सड़क हादसे में घायल हो गए हैं। बताया जा रहा है कि वह दिल्ली जा रहे थे, तभी डासना के पास उनकी बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

हादसे के समय वह एक इलेक्ट्रिक बस से सफर कर रहे थे। घटना के बाद उन्हें तुरंत नज़दीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। फिलहाल उनकी स्थिति स्थिर बताई जा रही है। हादसे की सूचना मिलते ही क्षेत्रीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों में चिंता का माहौल है। सभी उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना कर रहे हैं।





# गांधी नगर पार्क में स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

गांधी नगर पार्क में जन सेवा समिति द्वारा आयोजित नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।जिसमें संजीवनी चिकित्सालय हल्द्वानी से डॉक्टर अजय पुंडीर जनरल फिजिशियन,डॉक्टर तन्मय बनर्जी आर्थोपेडिक सर्जन, डॉक्टर अंशुल केडिया स्वास रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर अदिति अरोड़ा स्त्री रोग विशेषज्ञ,तेज प्रकाश,देवेंद्र,

आईक्यू सुपर स्पेशलिटी आंखों से वरिष्ठ ऑप्टोमेट्रिस्ट नीतीश तिवारी,अशोक सिंह राणा सीनियर फार्मासिस्ट मौजूद रहें और मरीजों को स्वास्थ्य सलाह दी। जन सेवा समिति से कार्तिक हर्बोला ने बताया की स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक रहना चाहिए और समिति लगातार लोगों के बीच जाकर एक सेवा के संकल्प के साथ उनकी सहायता कर रही है और आगे भी लगातार इस प्रकार से स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन समिति विभिन्न हल्द्वानी के स्थान पर करती रहेगी और लोगों को लाभ प्रदान करती रहेगी।शिविर में अपराह्न 1 बजे तक लगभग 72 लोगों ने अपना चिकित्सा परीक्षण कराया। स्वास्थ्य शिविर में रंजन बर्गली, प्रताप रैकवाल,प्रकाश हर्बोला जी,अजय राजौर,योगेंद्र भट्ट,विशु शर्मा,प्रिंस शर्मा,हर्ष राजौर,हिमांशु सनवाल,योगेश राजौर, करन श्रीवास्तव,मनोज अग्रवाल,उज्ज्वल चौहान,कार्तिक चौहान,कनिष्क ढींगरा,कुणाल वर्मा आदि उपस्थित रहे।



# नैन्सी कॉन्वेंट स्कूल में हर्षोल्लास से मनया इन्वेस्टिचर सेरेमनी

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

जिले के भीमताल विकासखंड के ज्योलीकोट में स्थित नैन्सी कॉन्वेंट स्कूल में मंगलवार को बड़े हर्षोल्लास और गरिमा के साथ इन्वेस्टिचर सेरेमनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों को विभिन्न जिममेदारियों के पद सौंपकर सममानित किया गया।

समारोह का शुभारंभ प्रार्थना और स्वागत गीत से हुआ। इसके पश्चात पदभार ग्रहण करने वाले छात्रों ने अपने कर्तव्यों का ईमानदारी, अनुशासन और निष्ठा के साथ पालन करने की शपथ ली। इस मौके पर स्कूल कैप्टन वेदिका सिंह,स्कूल काउंसिल हेड स्वादा तथा स्कूल प्रीफेट ईशान सिंह जबकि स्पोर्ट्स कैप्टन रोहित यादव को बनाया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के डायरेकटर डॉ संजय कुमार सिंह ने कहा कि नेतृत्व का अर्थ केवल पद धारण करना नहीं बल्कि सेवाएं अनुशासन और निष्ठा से कार्य करना है। डीन डॉ अशोक शर्मा ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि ये जिममेदारियाँ उनके आत्मविश्वास और नेतृत्व कौशल को विकसित करेंगी जबकि प्रिंसिपल श्रीमती हीना ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

चेयरपर्सन श्रीमती मंजू सिंह ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद प्रदान किया वहीं मैनेजिंग डायरेटर इंजीनियर आईपी सिंह ने छात्रों को उनकी भूमिकाओं और जिमेदारियों का महत्व समझाते हुए उनके सफल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।



## नंदा देवी महोत्सव के लिए निविदा कल होंगे

**नैनीताल।** नगर पालिका की ओर से नंदा देवी महोत्सव में नए स्वरूप में कैनोपी दुकाने, पांडाल, नगर में बिजली की सजावट आदि के लिए की गई निविदा अब बृहस्पतिवार को होगी। अधिशासी अधिकारी रोहिताश शर्मा ने बताया कि निविदा बृहस्पतिवार को खोली जाएगी। उन्होंने बताया कि आन लाइन निविदा में तीन टेंडर पड़े थे। आफ लाइन में एक ही निविदादाता ने दस्तावेज प्रस्तुत किए इसमें भी एफडीआर नहीं लगी पाई गई।

# पिरान कलियर की भूमि मामले में सुनवाई अगले सप्ताह

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड हाईकोर्ट ने नगर पंचायत पिरान कलियर की भूमि को नगर पंचायत को वापस किए जाने को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की । मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट की खंडपीठ द्वारा कल के आदेश पर आज जिलाधिकारी सहित एसएसपी हरिद्वार कोर्ट में वीडियो कोंनफ्रेंस के माध्यम से हुए। जिसपर कोर्ट ने उनसे कहा कि आप जो कह रहे है उसे एक सप्ताह के भीतर शपथपत्र के माध्यम से कोर्ट में पेश करे। मामले की सुनवाई करते हुए मुखय न्यायधीश जी नरेंद्र व न्यायमूति सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ ने अगली सुनवाई हेतु अगले सप्ताह की तिथि नियत की। मामले के अनुसार पिरान कलियर निवासी याशीन ने उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर कर कहा है कि 2014-15 पिरान कलियर की नगर पंचायत का गठन हुआ था। जिसके बाद उस वक्त आबादी के बीच सरकारी भूमि को सरकार के द्वारा 2018 में पुलिस प्रशासन को उक्त भूमि आबंटित करते हुए 3 साल में थाना बनाने को कहाए लेकिन समयावधि बीत जाने के बाद भी वहां आज तक थाना नही बनाया गया। याचिका में कहा गया है कि नगर पंचायत पिरान कलियर स्थित सरकारी भूमि नगर पंचायत को दे दी जाए ताकि नगर पंचायत इस भूमि का उपयोग जनता के हितों के लिए कर सके कयोंकि अभी तक नगर पंचायत के पास अभी तक अपना कोई कार्यालय खोलने के लिए कोई सरकारी जमीन मुहैया नहीं है।

# कान्ता बैंक्वेट हॉल में जन सुविधा शिविरों का सफल आयोजन

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

हल्द्वानी नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत वार्ड 54 के सिद्धेश्वर मंदिर प्रांगण तथा वार्ड 53 के कान्ता बैंक्वेट हॉल में जन सुविधा शिविरों का सफल आयोजन हुआ। प्रात: 10 बजे से आयोजित इन शिविरों में बड़ी संख्या में नागरिकों ने अपनी समस्याएँ विभागीय अधिकारियों के समक्ष रखीं।

शिविर में आधार सेवा के अंतर्गत 82 आधार कार्ड बनाए व संशोधित किए गए। विद्युत विभाग में बिल, लो वोल्टेज और तारों से जुड़ी कुल 13 शिकायतें दर्ज हुईं, जिन पर त्वरित कार्यवाही की गई। पूर्ति विभाग को 10 शिकायतें प्राप्त हुईं, जबकि नगर निगम से संबंधित 10 शिकायतों में से 7 का मौके पर ही निस्तारण किया गया। इनमें ज्यादातर मामले स्ट्रीट लाइट की मरम्मत से जुड़े थे। जल संस्थान से संबंधित पानी की आपूर्ति की 2 शिकायतों पर तत्काल जांच कर कार्रवाई सुनिश्चित की गई। शिविर में यूनिफॉर्म सिविल कोड के अंतर्गत विवाह पंजीकरण हेतु आवेदन भी प्राप्त हुए। शिविर में वार्ड 53 के पार्षद राजेश पंत, वार्ड 54 के पार्षद हरेंद्र सिंह बिष्ट सहित सभी विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। नागरिकों ने इस पहल को उपयोगी बताते हुए जिला प्रशासन का आभार जताया। 20 अगस्त को वार्ड 51 व 52 के लिए जन सुविधा शिविर का आयोजन जनमिलन केंद्र, हल्द्वानी में किया जाएगा।

